# कर चले हम फ़िदा

Question 1.
कवि ने यहाँ किस रुत (ऋतु) की बात कही है ?
(a) वसंत ऋतु
(b) ग्रीष्म ऋतु
(c) शीत ऋतु
(d) बलिदान देने की ऋतु (समय)

▼ Answer

Answer: (d) बलिदान देने की ऋतु (समय)
बलिदान देने के लिए उचित समय की।

---

Question 2.
कौन-सी जवानी सार्थक होती है ?
(a) जो धन कमाने में साथ दे
(b) जो देश के काम आए
(c) जो विचारों को बदल दे
(d) जो कुछ करने का साहस रखती हो

▼ Answer

Answer: (b) जो देश के काम आए।

---

Question 3.
'सिर पर कफन बाँधना' का अर्थ है ?
(a) जिम्मेदारी से बचना
(b) जिम्मेदारी का निर्वाह करना
(c) मर-मिटने के लिए तैयार हो जाना
(d) चिता पर लेट जाना

▼ Answer

Answer: (c) मर-मिटने के लिए तैयार हो जाना।

---

Question 4.
'काफ़िले' का यहाँ क्या अर्थ है?
(a) तीर्थ यात्रियों का जत्था
(b) देश पर मर-मिटने वालों का दल
(c) स्वयं सेवकों की टुकड़ी
(d) वीर वाहिनी

▼ Answer

Answer: (b) देश पर मर-मिटने वालों का दल ।

---

Question 5.
'रावण' किसका प्रतीक है ?
(a) विदेशी शत्रु का
(b) दशानन का
(c) दुष्ट व्यक्ति का
(d) पाण्डित्य का प्रतीक

▼ Answer

Answer: (a) विदेशी शत्रु का।

---

Question 6.
'कर चले हम फ़िदा' गीत किसके द्वारा लिखा गया
(a) शबाना आज़मी
(b) कैफ़ी आज़मी
(c) खय्याम
(d) मज़रूह सुल्तानपुरी

▼ Answer

Answer: (b) कैफ़ी आज़मी।

---

Question 7.
कवि ने साथियों का संबोधन किसके लिए किया है ?
(a) भारतीयों के लिए
(b) अपने परिवार वालों के लिए
(c) अपने मित्रों के लिए
(d) अपने बच्चों के लिए

▼ Answer

Answer: (a) भारतीयों के लिए।

---

Question 8.
घायल सैनिक को किस चीज का गम नहीं है ?
(a) सिर झुकने का
(b) सिर उठने का
(c) सिर कटने का
(d) आगे बढ़ने का

▼ Answer

Answer: (c) सिर कटने का।

---

Question 9.
हिमालय किसका प्रतीक है ?
(a) सच्चाई का
(b) विशालता का

(c) हिम का
(d) भारतीयों के स्वाभिमान का

▼ Answer

Answer: (d) भारतीयों के स्वाभिमान का।

---

Question 10.
'बाँकपन' का क्या अर्थ है ?
(a) साहस
(b) सुंदरता
(c) शालीनता
(d) समृद्धि

▼ Answer

Answer: (a) साहस। |

---

Question 11.
'सीता' किसका प्रतीक है ?
(a) राम की पत्नी का
(b) पतिव्रता नारी का
(c) भारत माता का
(d) सुचिता का

▼ Answer

Answer: (c) भारत माता का।

---

काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

Question 1.
सैनिक देश को देशवासियों के भरोसे छोड़कर कहाँ जा रहा है ?
(a) अपनी अंतिम यात्रा पर
(b) छुट्टी पर
(c) वह घायल हो चुका है अब वह युद्ध नहीं करेगा
(d) अब उसमें युद्ध लड़ने की हिम्मत नहीं रही

▼ Answer

Answer: (a) अपनी अंतिम यात्रा पर
अपनी अंतिम यात्रा पर (शहादत की ओर)।

---

Question 2.
'साँस थमने और नब्ज़ जमने' का क्या आशय है?
(a) सैनिक को नींद आ गई है
(b) अब प्राण सैनिक का शरीर छोड़ने वाले हैं
(c) सैनिक बीमार है
(d) सैनिक को हिमालय की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है

▼ Answer

Answer: (b) अब प्राण सैनिक का शरीर छोड़ने वाले हैं।

---

Question 3.
सैनिक को किस बात का गर्व है ?
(a) कि वे शत्रु से युद्ध जीत गए
(b) उन्होंने शत्रु को पीठ नहीं दिखाई
(c) आज़ादी अब उनके चरण चूमेगी
(d) कि उसने सिर कटाकर भी देश के सम्मान की रक्षा की

▼ Answer

Answer: (d) कि उसने सिर कटाकर भी देश के सम्मान की रक्षा की।

---

Question 4.
सैनिक देशवासियों को क्या संदेश देता है ?
(a) प्यार का संदेश
(b) एकजुट रहने का संदेश
(c) देश पर मर मिटने का संदेश
(d) उन्नतिशील रहने का संदेश |

▼ Answer

Answer: (c) देश पर मर-मिटने का संदेश।

---

Question 5.
'कट गए सर ............ न झुकने दिया' पंक्ति भारतीयों के किस गुण को व्यक्त करती है ?
(a) स्वाभिमान
(b) समृद्धि
(c) त्याग
(d) परस्पर सहयोग

▼ Answer

Answer: (a) स्वाभिमान।

(2)

ज़िंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खू में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुल्हन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नये काफिले
जीत का जश्न इस जश्न के बाद है
जिंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।

Question 1.
साहसहीन जवानी कैसी होती है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- साहसहीन को हेय दृष्टि से देखा जाता है
- साहसहीन का घर में भी सम्मान नहीं होता

---

Question 2.
'आज धरती बनी है दुल्हन साथियो' का आशय स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- दुल्हन का श्रृंगार के द्वारा रूप निखारा जाता है
- मातृभूमि का रूप निखारने के लिए सैनिक अपना खून बहा रहा है
- उसके रक्त से धरती रूपी दुल्हन की माँग भरी जाएगी।

---

Question 3.
कवि भारतीयों से क्या अपेक्षा करता है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कि वे देश के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर हैं
- वे हर हाल में देश का सम्मान बनाए रखें।

---

Question 4.
'सर पर कफन बाँधना' किस ओर संकेत करता है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- देश की रक्षा के लिए अपनी मृत्यु का खुशी-खुशी वरण कर लेना
- प्राण देते समय मन में किसी तरह की हिचकिचाहट मत रखना।

---

Question 5.
'तुम सजाते ही रहना नए काफिले' इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- बलिदान देने वालों की कमी नहीं होनी चाहिए
- एक के शहीद होते ही दूसरे को आगे उसका स्थान – लेना है
- बलिदान जत्था सदा तैयार रहना चाहिए।

---

(3)

खींच दो अपने खू से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्ही लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।

Question 1.
कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत- कवि : कैफ़ी आज़मी।
कविता : कर चले हम फ़िदा।

---

Question 2.
कवि यहाँ किस लकीर के खींचने की बात कहता है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- भारतीय सीमा को चाक-चौबंद करने की बात कही गई है

- कोई भी शत्रु भारतीय सीमा में प्रवेश न कर पाए।

---

Question 3.
'तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- हमें शत्रु के हर हमले का जवाब देना है
- दुश्मन को उसकी भाषा में ही जबाव देना चाहिए।

---

Question 4.
यहाँ सीता का दामन किसे कहा गया है ? क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- भारत माता की अस्मिता को
- जिस प्रकार सीता पवित्र थी; उसी प्रकार भारत माता पवित्र हैं

---

Question 5.
'राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो' -पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- सीता की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण ने लंका पर चढ़ाई कर दी थी
- हमें भी भारत की रक्षा के लिए साहस दिखाना चाहिए।

---

बोधात्मक प्रश्न

Question 1.
'सीता का दामन' का प्रयोग कवि ने किस संदर्भ में किया

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- सीता पवित्रता का प्रतीक है
- मातृभूमि को सीता की तरह पवित्र समझकर रक्षा की जानी चाहिए
- देश की सुरक्षा से कोई शत्रु खिलवाड़ न कर सके।

---

Question 2.
कवि इस गीत में किस जश्न की बात कह रहा है?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- जिंदगी द्वारा मौत को गले लगाने के जश्न के बारे में
- एक योद्धा के लिए देश पर प्राण न्योछावर करना सबसे बड़ा जश्न है।

---

Question 3.
गीत में ऐसी क्या बात होती है कि वे जीवन भर याद रह जाते हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु:

- गीत हमारी भावनाओं को झंकृत कर देते हैं
- गीत सीधे हमारे हृदय में उतर जाते हैं।

---

Question 4.
'मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो' -पंक्ति में कवि ने किस बाँकपन की बात कही है?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- बाँकपन शब्द का प्रयोग सैनिकों की निडरता के लिए हुआ है
- सैनिक अविचल रहकर देश की रक्षा करते हैं।

---

Question 5.
हमारे अपने देश के प्रति क्या कर्तव्य हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत बिंदु :

- हमें अपने देश की रक्षा प्राण-पण से करनी चाहिए
- अपने सैनिकों एवं शहीदों का सम्मान करना चाहिए
- सैनिकों को हर संभव सहायता मिलनी चाहिए
- सरकार को चाहिए की वे सैनिकों के परिवारों को अधिक सुविधाएँ प्रदान करे।

---